RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

अहसास बदलाव का...

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

वर्ष: 1 | अंक 163 | नागौर, 14 मई, 2022 (शनिवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition






# चिंतन शिविर में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- अब फैसले टालने का वक्त नहीं, अल्पसंख्यकों को डराया जा रहा

## पार्टी ने बहुत कुछ दिया, अब कर्ज चुकाएं : सोनिया गांधी

उदयपुर.

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कांग्रेस के बड़े नेताओं को त्याग करके पार्टी हित में काम करने की नसीहत दी है। कांग्रेस कार्य समिति में कही गई बात को आज सोनिया गांधी ने सार्वजनिक मंच से दोहराई हैं। चिंतन शिविर के उद्घाटन भाषण की शुरुआत में सोनिया गांधी ने कहा- पार्टी ने हमें बहुत कुछ दिया है,अब कर्ज उतारने का समय है। बाहर केवल एक ही बात जानी चाहिए कि सब एकजुट और मजबूती से आगे बढ़ेंगे।

सोनिया ने कहा- ऐसा समय आया है कि हमें संगठन हितों के लिए काम करना होगा। पार्टी ने हमें बहुत कुछ दिया है,अब समय है कर्ज उतारने का। सबसे आग्रह है कि खुलकर अपने विचार रखें, मगर बाहर एक ही संदेश जाना चाहिए संगठन की मजूबती, मजबूत निश्चय और एकता का संदेश बाहर जाना चाहिए। यह निश्चय बरकरार रखना होगा। हमें मिली नाकामयाबियों से हम बेखबर नहीं हैं। न हम बेखबर हैं संघर्ष और कठिनाइयों से जो हमं आगे करना है। लोगों की उम्मीदों से हम अनजान नहीं है। हमें यह प्रण लेने इकट्ठा हुए हैं हम देश की राजनीति में अपनी पार्टी को उसी भूमिका में लाएंगे जो सदैव निभाई है, जिस भूमिका की उम्मीद इस बिगड़ते समय में देश की जनता करती है। हम आत्मनिरीक्षण कर रहे हैं। यह तय करें कि यहां से निकलें तो एक नए आत्मविश्वास और कमिटमेंट से प्रेरित होकर निकलेंगे।



### देश में आज अल्पसंख्यकों को डराया जा रहा है, अल्पसंख्यक हमारे देश के बराबर के नागरिक

सोनिया गांधी ने कहा- बीजेपी-केंद्र सरकार देश में डर और असुरक्षा का माहौल पैदा कर रही है। अल्पसंख्सकों को डराया जा रह है। धर्म के नाम पर पॉलराइजेशन किया जा रहा है। अल्पसंख्यक हमारे देश के बराबर के नागरिक हैं। यह हमारी पुरानी बहुलवादी कल्चर का परिचायक है। विविधता में एकता में हमारी पहचान रही है।

### सोनिया की दो टूक, अब फैसले टालने का वक्त नहीं

**सोनिया गांधी ने पार्ट नेताओं को दो टूक शब्दों में कह दिया है कि अब फैसले टालने का समय नहीं है। आज पार्टी के सामने असाधारण परिस्थितियां हैं। असाधारण परिस्थितियों का मुकाबला असाधारण तरीके से ही किया जा सकता है। हर संगठन को जीवित रहने बढ़ने के लिए भी अपने अंदर पैनापन लाना होता है। हमें सुधारों की सख्त जरूरत है।**

**हमें रणनीतिक बदलाव, ढांचागत सुधार और रोजाना काम करने के तरीके में बदलाव सबसे बुनियादी जरुरी मुद्दा है। हमारा उत्थान सामूहिक प्रयासों से ही हो पाएगा। ये प्रयास आगे टाले नहीं जा सकते।**

### जांच एजेंसियों का दुरुपयोग

सोनिया गांधी ने कहा- आज राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाया जा रहा है, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। इतिहास को फिर से लिखने की कोशिश की जा रही है, जिसमें पंडित नेहरू के योगदान और देश के लिए त्याग को योजनाबद्ध तरीके से कम करके दिखाने का प्रयास हो रहा है। ये लोग महात्मा गांधी के हत्यारे का महिमा मंडन कर रहे हैं और गांधी के सिद्धांतों को मिटा रहे हैं। सोनिया ने कहा- आज देश के पुराने मूल्यों को खत्म किया जा रहा है। दलित आदिवासी और महिलाओं में असुरक्षा का माहौल है। देश में डर का माहौल बनाया जा रहा है। देश में लोगों को लड़ाने के बीजेपी लगातार प्रयास कर रही है।

### कांग्रेस में अब एक परिवार से एक ही टिकट

अगले चुनावों से पहले टिकट दिए जाने को लेकर कांग्रेस बड़े स्तर पर बदलाव की तैयारी कर रही है। अब एक परिवार से केवल एक ही टिकट मिलेगा। उदयपुर में चिंतन शिविर में संगठन में बदलाव और राजनीतिक मामलों पर बने पैनल ने यह सिफारिश की है। कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी महासचिव अजय माकन ने उदयपुर में मीडिया से बातचीत में कहा- हमारे पैनल में यह चर्चा हुई है कि एक परिवार से एक टिकट के फार्मूला को लागू किया जाए। जिसे भी टिकट दिया जाए, उसने कम से कम 5 साल पार्टी में काम किया हो। सीधे टिकट नहीं दिया जाए। नए आने वालों नेताओं को टिकट नहीं मिलेगा, लेकिन इस नियम में गांधी परिवार को छूट दी जाएगी। यह फार्मूला उन पर लागू नहीं होगा।

## कॉन्स्टेबल परीक्षा देने निकले 3 दोस्तों की मौत

अलवर।



राजस्थान में पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा देने निकले तीन दोस्तों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि मृतकों के शव के चिथड़े उड़ गए। घटना के बाद पूरे स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। हादसा अलवर के राजगढ़ स्टेशन पर गुरुवार रात हुआ। पुलिस ने बताया कि रात करीब साढ़े 8 बजे राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर डबल डेकर ट्रेन की चपेट में तीन परीक्षार्थी आ गए।

तीनों मौके पर ही मौत हो गई। तीनों राजगढ़ से जयपुर जाने के लिए स्टेशन पहुंचे थे। जंक्शन पर भीड़ बहुत ज्यादा थी। इसी बीच पैसेंजर ट्रेन के आने से पहले ही चर्चा शुरू हो गई कि ट्रेन आ रही है। इन युवकों को लगा की पैसेंजर आ रही है। जो प्लेटफॉर्म पर आकर रुकेगी। उसी समय अलवर की तरफ से डबल डेकर ट्रेन आ रही थी। डबल डेकर ट्रेन का राजगढ़ में स्टोपेज नहीं है। इस कारण वे ट्रेन की चपेट में आ गए। लोगों ने आवाज भी दी, लेकिन, तीनों ने कानो में ईयरफोन लगा रखा था। ऐसे में लोगों की आवाज भी नहीं सुनी और ट्रेन की चपेट में आ गए।

**प्लेटफॉर्म कूदकर रॉन्ग साइड खड़े हो गए :** तीनों युवक पैसेंजर ट्रेन में चढ़ने के लिए प्लेटफॉर्म से उतरकर रॉन्ग साइड ट्रेन में चढ़ने के लिए बीच वाली पटरी पर आ गए। ताकि पैसेंजर में भीड़ से बच कर दूसरी तरफ से चढ़ जाएंगे। उसी समय बीच वाली पटरियों से डबल डेकर स्पीड से आ गई।

## दिल्ली की कमर्शियल बिल्डिंग में आग से 16 की मौत

नई दिल्ली.

दिल्ली में मुंडका मेट्रो स्टेशन के पास एक तीन मंजिला बिल्डिंग में शुक्रवार शाम आग लग गई। हादसे में 16 लोगों की जलकर मौत हो गई। अभी 10 लोग गंभीर घायल हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खिड़कियां तोड़कर बिल्डिंग के अंदर फंसे लोगों को बचाया। घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। बिल्डिंग के दो मंजिलों की सर्चिंग पूरी हो गई है। तीसरी मंजिल की सर्चिंग का जा रही है। दिल्ली के फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने कहा कि अब तक 16 शव निकाल लिए गए हैं। वहीं, दिल्ली पुलिस ने 14 मौत होने की बात कही है।

### मौके पर 27 फायर ब्रिगेड वाहन मौजूद

इमारत की खिड़कियों से निकलते धुंए के बीच लोगों को JCB मशीन और क्रेन के सहारे नीचे उतारा गया, वहीं कुछ लोग रस्सी की मदद से भी नीचे आए। इसके साथ ही घायलों को तुरंत इलाज मुहैया कराने के लिए स्पॉट पर एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई है। आग में 60-70 लोगों के फंसे होने की जानकारी मिली थी। उनमें से



अधिकांश को बचा लिया गया है।

### दिल्ली पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया

दिल्ली पुलिस ने बताया कि मेट्रो स्टेशन के पिलर 544 के पास बनी यह इमारत एक 3 मंजिला कमर्शियल बिल्डिंग है, जिसे ऑफिस स्पेस के तौर पर कंपनियों को किराए पर दिया जाता है। पुलिस ने बताया कि आग बिल्डिंग के पहले फ्लोर से शुरू हुई, जहां पर सीसीटीवी कैमरा और राउटर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है। पुलिस ने कंपनी के मालिक को हिरासत में ले लिया है।

## केदारनाथ में वीआईपी एंट्री बंद

**देहरादून।** उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। जिसे देखते हुए प्रशासन ने शुक्रवार को वीआईपी एंट्री पर रोक लगा दी है। डीजीपी ने शुक्रवार को बताया कि अब सभी वीआईपी भी आम लोगों की तरह ही दर्शन करना होगा। इसके लिए केवल दो घंटे का समय दिया जाएगा। इसके पहले सही इंतजाम नहीं होने की वजह से 28 लोगों की मौत भी हो चुकी है। वहीं उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी ने लोगों से अपील की है कि जिन लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानी है, वे कुछ दिन बाद यात्रा करें। कोरोना के चलते बंद रही चारधाम यात्रा करीब दो साल बाद शुरू हुई है।

RGHS केशलेस केम्प

रविवार दिनांक - 15 मई 2022 को

समय : प्रातः 11.30 से दोपहर 3.00 बजे तक

स्थान मारवाड़ जनाना हॉस्पिटल

बिशू फर्टिलिटि एण्ड मल्टीस्पेशलिटि सेन्टर, बुड़सू रोड़, कुचामन सिटी ( नागौर ) जयपुर

जिसमें निम्न डॉक्टर्स की सेवांए उपलब्ध रहेगी

डॉ. ओ. पी. बिशु ( स्त्री एवं प्रसुति रोग विशेषज्ञ )

डॉ. रमेश शिशु रोग विशेषज्ञ

डॉ. मनोज गोदारा ( हृदय रोग विशेषज्ञ )


डॉ. एस. के. बंसल ( मूत्र रोग विशेषज्ञ )

एवं 15 मई से प्रत्येक माह के तिसरे रविवार को डॉ. मनोज गोदारा ( हृदय रोग विशेषज्ञ ) अपनी सेवाएं देगें

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:- 8107690947, 8279215306

## दो दिन रहेगा तेज गर्मी का टॉर्चर

### 13 शहरों में तापमान 47 के ऊपर रिकॉर्ड, 16 मई से होगी गिरावट



जयपुर.

राजस्थान में अभी लोगों को अगले दो दिन और तेज गर्मी का टॉर्चर झेलना पड़ेगा। पश्चिमी राजस्थान बेल्ट में बने एंटी साइक्लोनिक सिस्टम के कारण राजस्थान में आसमान आग बरस रही है। यही कारण है कि आज प्रदेश के 3 शहरों को छोड़कर शेष सभी जगह पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। दो दिन बाद 16 मई से तापमान में गिरावट होने के आसार हैं। राजस्थान में आज के मौसम की स्थिति देखें तो प्रदेश के 3 शहर उदयपुर, सीकर और डूंगरपुर को छोड़कर सभी शहरों में आज तापमान 45 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर रहा। जयपुर में आज सीजन का सबसे गर्म दिन रहा, जहां दिन का अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। जयपुर में आज दिन में तेज गर्म हवाएं भी चली। स्थिति ये थी कि सुबह 10 बजे तक पारा 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया था। जयपुर में रात में भी तापमान 33.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो प्रदेश में बीती रात सबसे गर्म शहर रहा। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों में ऊपरी वायुमंडलीय स्तरों एक एंटी साइक्लोनिक सिस्टम बना हुआ है, जिसके प्रभाव के कारण वायुमंडल के निचले स्तरों में गर्म व शुष्क पश्चिमी हवाओं के प्रभाव बढ़ गया। इससे राज्य के कई जिले तेज हीटवेव की चपेट में आए हुए है।

## सम्पादकीय

# देशभक्ति की भावना

हर नागरिक को अपने राष्ट्र पर स्वाभाविक और उचित ही गर्व होता है। देशभक्ति की भावना उसे बचपन से ही अपने परिवेश, परिवार और पाठशाला से मिलनी शुरू हो जाती है। देश पर गर्व की अभिव्यक्ति वह विभिन्न अवसरों पर अपना राष्ट्रगान या राष्ट्रगीत गाकर करता है। हर देश में राष्ट्रगान गाने या बजाने को लेकर विधि-विधान है। विशेष मुद्रा में खड़े होकर उसे सम्मान देना होता है। मगर विचित्र है कि हमारे देश में राष्ट्रगान गाने या उसके सम्मान में खड़े होने को लेकर समुदाय विशेष के लोग इसलिए हिचकते हैं कि उनके धर्मग्रंथ में ईश्वर से ऊपर किसी को नहीं माना गया है। यही वजह है कि मदरसों में राष्ट्रगान गाना और बजाना अनिवार्य नहीं किया गया। यह उनकी स्वेच्छा पर छोड़ दिया गया था कि वे चाहें तो गाएं या न गाएं। मगर अब उत्तर प्रदेश सरकार ने हर मदरसे में रोज प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान गाना अनिवार्य कर दिया है। स्कूलों में नया सत्र शुरू हो गया है और यह नियम तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। यह आदेश सभी सरकारी अनुदान प्राप्त या गैर-अनुदान प्राप्त मदरसों पर लागू होगा। कयास लगाए जा रहे हैं कि यह आदेश बहुत सारे लोगों को नागवार गुजरेगा।

हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब राष्ट्रगान या राष्ट्रगीत गाने को लेकर कोई आदेश जारी किया गया है। कुछ साल पहले सिनेमाघरों में भी फिल्म शुरू होने से पहले राष्ट्रगान बजाने का आदेश जारी किया गया था। मगर उसे लेकर बहुत सारे लोगों ने आपत्ति जताई। मामला अदालत में भी गया था, पर अदालत ने उस आदेश में कोई वैधानिक अड़चन नहीं नोट किया था। इसी तरह राष्ट्रगीत यानी वंदे मातरम गाने को लेकर अल्पसंख्यक समुदाय ने एतराज जताया था कि चूंकि उनके धर्मग्रंथ में ईश्वर के अलावा किसी और के सामने सिर न झुकाने की बात कही गई है, इसलिए उन्हें यह गीत गाने का दबाव न डाला जाए। मगर राष्ट्रगान यानी जन गण मन गाने में भला क्यों किसी को एतराज होना चाहिए। इस आदेश को राजनीतिक नजरिए से देखा भी नहीं जाना चाहिए।

यह तो हर नागरिक का कर्तव्य होना चाहिए कि वह अपना राष्ट्रगान गर्व के साथ गाए। जिस तरह दूसरे राष्ट्रीय प्रतीक हमारी पहचान बनते हैं, उसी तरह राष्ट्रगान भी पहचान है। इसे धर्म की राह में रोड़ा क्यों माना जाना चाहिए। मगर इन दिनों जिस तरह हमारी राजनीति हर चीज को जाति, धर्म, समुदाय के पैमाने से नापती देखी जा रही है, उसमें विपक्षी दल इस फैसले को भी सियासी रंग दे दें, तो हैरानी नहीं। जो दल इसी तरह अपना जनाधार बनाने का प्रयास करते रहे हैं, उनके लिए यह एक आसान मुद्दा हो सकता है। मगर राष्ट्रगान को लेकर राजनीति होगी, तो यह देश की छवि के साथ मजाक ही कहा जाएगा।

रही बात मदरसों की, तो उन्हें इसमें हिचक क्यों होनी चाहिए। कहीं किसी भी देश में इस तरह राष्ट्रीय अस्मिता को धार्मिक पहचान से जोड़ कर नहीं देखा जाता। कोई धर्मग्रंथ यह नहीं कहता कि राष्ट्र पर गर्व करने से ईश्वर का अपमान होता है। पुरानी और जड़ हो चुकी मान्यताओं, अवधारणाओं को तोड़ना ही तो तरक्की की निशानी है। बहुत सारे अल्पसंख्यक बड़े गर्व से राष्ट्रगान गाते मिल जाएंगे। फिर मदरसों को इससे अलग क्यों रहना चाहिए। उन्हें भी बदलते समय के अनुसार अपने को ढालना चाहिए। राष्ट्र के प्रति अभिमान गर्व का विषय है, शर्म का नहीं।

# रोजगार के अवसरों को बढ़ाने पर सरकार को ज्यादा ध्यान देना होगा

**दरअसल कोरोना का डर अभी भी लोगों में बना हुआ है। यह दूसरी बात है कि कोरोना के प्रोटोकॉल को पूरी तरह से नकार दिया गया है और अब तो भूले भटके ही लोग मास्क लगाए हुए दिखाई देते हैं। हालांकि जिस तरह के हालात चीन में इन दिनों चल रहे हैं और करोड़ों चीनी नागरिक लॉकडाउन भुगत रहे हैं उसे देखते हुए डरना भी जरूरी हो जाता है। पर सवाल यही है कि दो जून की रोटी का बंदोबस्त करना भी जरूरी है। रोजगार की सच्ची तस्वीर तो यह है कि बड़े उद्योगों में बहुत कम लोगों को रोजगार के बावजूद बेहतर वेतन और सुविधाएं मिलती हैं तो दूसरी और एमएसएमई सेक्टर या सर्विस सेक्टर में रोजगार के अवसर कम होने के साथ ही वेतन भत्ते भी प्रभावित हुए हैं। सर्विस सेक्टर में भी हालात ऐसे ही हैं। ऐसे में इस तरह के उपाय खोजने होंगे कि अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ें और लोगों को बेहतर रोजगार भी मिले, मगर इसके साथ ही कार्मिक के मनोविज्ञान को भी समझना होगा।**



**कोविड-19** के बाद पटरी से उतरी देश की आर्थिक व्यवस्था में निरंतर सुधार देखने को मिल रहा है पर जीडीपी की तुलना में अभी भी रोजगार के अवसर कम ही बढ़ रहे हैं। आज की अर्थव्यवस्था में सर्विस सेक्टर की प्रमुख भूमिका हो गई है और अब यह मानने में कोई संकोच नहीं किया जा सकता कि सर्विस सेक्टर लगभग पटरी पर आ गया है। देश में सर्वाधिक रोजगार के अवसर भी कृषि, एमएसएमई सेक्टर के बाद सर्विस सेक्टर में ही उपलब्ध होते हैं और इसमें कोई दो राय नहीं कि कोरोना में सबसे अधिक प्रभावित सर्विस सेक्टर ही हुआ है। सब कुछ बंद हो जाने से रोजगार के अवसर प्रभावित हुए और हुआ यह कि या तो रोजगार ही चला गया या फिर वेतन आदि में कटौती हो गई। इससे लोगों में निराशा आई पर ज्यों ज्यों हालात सामान्य होने लगे हैं यह माना जाने लगा है कि अर्थव्यवस्था में तेजी के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। कोविड के कारण बड़ी संख्या में असंगठित श्रमिकों का गांवों की ओर पलायन हुआ है और कोरोना की नित नई लहरों की आशंकाओं के चलते अब उतनी संख्या में श्रमिक शहरों की ओर नहीं गए हैं जितनी संख्या में शहरों से गांवों की ओर पलायन रहा है। ऐसे में अब नई चुनौती गांवों में रोजगार के अवसर विकसित करने की हो जाती है। हालांकि मनरेगा के माध्यम से लोगों को निश्चित अवधि का रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास जारी हैं पर इसे यदि उत्पादकता से जोड़ दिया जाए तो परिणाम अधिक सकारात्मक हो सकते हैं।

कोरोना के बाद एक नई सोच विकसित हुई है जो चिंतनीय होने के साथ ही आने वाले समय के लिए गंभीर चुनौती भी है। हो यह रहा है कि कोरोना के बाद सेवा प्रदाताओं ने अपने सालों से सेवा दे रहे कार्मिकों के लिए इस तरह के हालात पैदा किए हैं और किए जा रहे हैं ताकि वे वहां नौकरी नहीं कर सकें। इसके पीछे बढ़ती बेरोजगारों की फौज का होना है। दरअसल पुराने कर्मचारी को अधिक पैसा देना पड़ता है जबकि नए कर्मचारी को या तो सर्विस प्रोवाइडर के माध्यम से रखा जा सकेगा या फिर कम वेतन में काम करने को तैयार होने से कम पैसा देना पड़ेगा। पर वह दिन दूर नहीं जब इसके साइड इफेक्ट सामने आने लगेंगे। पहला तो यह कि कर्मचारी का जो कमिटमेंट होता है वह नहीं मिल पाएगा। नया या तो सर्विस प्रोवाइडर के प्रति निष्ठावान होगा या फिर उसे अंदर से यह भय सताता रहेगा कि जैसा पहले वालों के साथ हुआ है वैसा उसके साथ भी हो सकता है ऐसे में लॉयल्टी की संभावनाएं लगभग नगण्य ही देखने को मिलेंगी। यह अपने आप में ऐसा संकेत है जो आगे चलकर व्यवस्था को चरमराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इसलिए अभी से भावी संकेतों को समझना होगा। दूसरा यह कि कोरोना ने सबसे अधिक व लंबे समय तक प्रभावित किया है शिक्षा क्षेत्र को या फिर हॉस्पिटेलिटी सेक्टर को। विदेशी पर्यटकों की संख्या तो अभी भी नाम मात्र की ही रह गई है। देशी पर्यटक अवश्य कुछ बढ़ने लगे हैं और उसका कारण भी कोरोना का सबक ही है।

स्कूल कॉलेज संकट के दौर से आज भी गुजर रहे हैं। इनमें काम करने वाले शिक्षकों व अन्य स्टाफ को वेतन आदि की समस्या बरकरार है। सर्विस सेक्टर सहित अभी सभी क्षेत्रों में यह सोच विकसित हो गई है कि कम से कम मेनपॉवर का उपयोग करते हुए उससे अधिक से अधिक काम लिया जाए। पर यह हालात अधिक दिन तक नहीं चलने वाले हैं। ऐसे मे अर्थशास्त्रियों व श्रम विशेषज्ञों को समय रहते इसका कोई हल खोजना होगा। नहीं तो वह दिन दूर नहीं जब सारी व्यवस्था एक साथ धराशायी हो सकती है। इसके लिए अब मोटे पैकेजों के स्थान पर निष्ठावान कार्मिक ढूंढ़ने होंगे तो कार्मिकों का विश्वास जीतने के प्रयास भी करने होंगे। एक समय था जब कार्मिक अपने प्रतिष्ठान के प्रति पूरी तरह से वफादार होता था पर अब जो हालात बन रहे हैं उससे संस्थान कुछ पैसा व मानव संसाधन तो बचाने में सफल हो जाएंगे पर संस्थान के प्रति जी-जान लगाने वाले कार्मिक नहीं मिल सकेंगे। ऐसे में नई सोच के साइड इफेक्ट को अभी से समझना होगा नहीं तो परिणाम अतिगंभीर होने में देर नहीं लगेगी। कार्मिकों के मनोविज्ञान को समझते हुए निर्णय करना होगा। कार्मिकों में अपने रोजगार के प्रति सुरक्षा की भावना रहेगी तो वह निश्चित रूप से अच्छे परिणाम देगा, अधिक निष्ठा से सेवाएं देगा और इसका लाभ प्रतिष्ठान को मिलेगा। इसलिए संस्थान और कार्मिक के बीच परस्पर समन्वय, विश्वास और समझ का माहौल बनाना होगा। नियोक्ता को कार्मिक का मनोविज्ञान समझना होगा।

## आज का राशिफल

### मेष
निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विरोध होगा। आर्थिक नीति में परिवर्तन होगा।

### वृषभ
धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश लाभ देगा।

### मिथुन
वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर गृहिणियां लापरवाही न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं।

### कर्क
वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी। स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

### सिंह
स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। मनपसंद रोजगार मिलेगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कर्ज समय पर चुका पाएंगे। बैंक-बैलेंस बढ़ेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं।

### कन्या
किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है।

### तुला
आय में निश्चितता रहेगी। शत्रु शांत रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है। वाणी में कड़े शब्दों के इस्तेमाल से बचें।

### वृश्चिक
आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होने से प्रसन्नता रहेगी।

### धनु
जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी। राजकीय कोप भुगतना पड़ सकता है। विवाद न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

### मकर
व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देगा। बुद्धि का प्रयोग करें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा।


### कुंभ
आंखों का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचाएं। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय बनी रहेगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा।

### मीन
यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। बुद्धि का प्रयोग करें। प्रमाद न करें। निवेश से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में उत्साह से काम कर पाएंगे।

## बॉलीवुड समाचार

## महेश बाबू के कमेंट पर कंगना रनोट का रिएक्शन, बोलीं-

# बॉलीवुड वाकई में उन्हें अफोर्ड नहीं कर सकता है





बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान महेश बाबू के बयान के बारे में बात की और कहा कि वो सही थे, बॉलीवुड वाकई में उन्हें अफोर्ड नहीं कर सकता है। साथ ही कंगना ने यह भी कहा कि छोटी-छोटी बात की कंट्रोवर्सी नहीं करनी चाहिए। दरअसल हाल ही में महेश बाबू ने कहा था कि बॉलीवुड उन्हें अफोर्ड नहीं कर सकता और यहां आकर मैं अपना टाइम वेस्ट नहीं करना चाहता हूं। इस बयान के बाद उनको क्रिटिसाइज किया गया। हालांकि, बाद में उन्होंने अपने बयान पर एक स्टेटमेंट जारी कर सफाई भी दी थी।

**कंगना ने की महेश बाबू के बयान के बारे में बात :** कंगना ने कहा, ये तो उन्होंने सही कहा, बॉलीवुड महेश बाबू को अफोर्ड नहीं कर सकता है। मुझे पता है कि बॉलीवुड के कई फिल्ममेकर्स ने उन्हें कई फिल्में ऑफर की हैं और उनकी जनरेशन ने अकेले ही तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री को भारत का नंबर 1 इंडस्ट्री बना डाला है। बॉलीवुड वाकई में उन्हें अफोर्ड नहीं कर पाएगा।

**कंगना ने कहा कि छोटी-छोटी बात की कंट्रोवर्सी नहीं करनी चाहिए :** कंगना ने आगे कहा, मुझे लगता है कि हमें हर एक छोटी-छोटी बात की कंट्रोवर्सी नहीं करनी चाहिए। अगर उन्होंने किसी लहजे में यह बात कह भी दी है तो मुझे लगता है कि इसका सेंस बनता है। ऐसे तो हम भी कह सकते हैं कि हॉलीवुड हमें अफोर्ड नहीं कर सकता है। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि इससे उन्होंने अपने काम और इंडस्ट्री के लिए सम्मान दिखाया है, यही वजह है कि आज वो जिस भी मुकाम पर हैं, उसकी वजह यही है और हम इससे इनकार नहीं कर सकते हैं।

**कंगना ने कहा कि हमें तेलुगू इंडस्ट्री से कुछ सीखना चाहिए :** कंगना कहती हैं, तेलुगू फिल्म इंडस्ट्री को थाली में सजा कुछ भी नहीं मिला है। उन्होंने कुछ सालों में सभी को पीछे छोड़ दिया है, यहां तक कि तमिल इंडस्ट्री को भी। हमें उनसे बहुत कुछ सीखना चाहिए। जहां तक भाषाओं का सवाल है, मैंने इसके बारे में विस्तार से बात की है। मेरा मानना है कि हमारे देश में सभी भाषाएं इक्वली रिस्पेक्टेबल हैं। यह छोटी बात है कि हम एक-दूसरे की भाषाओं का सम्मान करते हैं।

**20 मई को रिलीज होगी कंगना की धाकड़ :** कंगना के वर्क फ्रंट की बात करें तो वो रजनीश घई के डायरेक्शन में बनी एक्शन-थ्रिलर फिल्म धाकड़ में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके अलावा अर्जुन रामपाल, दिव्या दत्ता और शाश्वत चटर्जी भी लीड रोल में हैं। फिल्म में कंगना एजेंट अग्नि के किरदार में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म 20 मई 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## धर्मेंद्र के पोते करण देओल ने अपनी गर्लफ्रेंड द्रिशा से की सगाई

बॉलीवुड के ही-मैन यानी धर्मेंद्र के पोते करण देओल ने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड द्रिशा से सगाई कर ली है। द्रिशा दिवंगत फिल्ममेकर बिमल रॉय की पोती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, द्रिशा और करण काफी लंबे समय से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। कपल कई मौकों पर स्पॉट हुआ लेकिन दोनों में से किसी ने अपने रिश्ते के बारे में कभी खुलकर बात नहीं की।

**दादा की तबीयत की वजह से तेज हुई शादी की तैयारी :** रिपोर्ट्स के अनुसार, दादा धर्मेंद्र की तबीयत बिगड़ने की वजह से करण और द्रिशा की सगाई जल्दी कराई गई है। इसके साथ ही अब कपल की शादी की तैयारी भी तेज हो गई है। खबरों की माने तो कपल जल्द ही अपनी शादी की डेट अनाउंस करेंगे। दरअसल पिछले दिनों धर्मेंद्र अपकमिंग फैमिली ड्रामा फिल्म अपने 2 की शूटिंग के दौरान घायल हो गए थे। जिसके चलते उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था।

**क्या हुआ था धर्मेंद्र को :** धर्मेंद्र ने वीडियो शेयर करते हुए कहा, दोस्तो मेरे लिए कुछ ज्यादा मत करिए। मैं कर चुका हूं, मैं पीठ के एक बड़े मसल पुल की वजह से सफर कर चुका हूं। इसके लिए मुझे अस्पताल की सैर करनी पड़ी।

## पिछले 2 साल से मान्यता और बच्चे दुबई में रह रहे हैं : संजय दत्त

बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुलासा किया कि उनकी पत्नी मान्यता दत्त और उनके जुड़वा बच्चे शाहरान और इकरा पिछले 2 साल से दुबई में रह रहे हैं।

संजय से जब पूछा गया कि उन्होंने दुबई अपने बच्चों को लाइमलाइट से दूर करने के लिए भेजा है? तो जवाब में उन्होंने कहा कि मेरे बच्चे वहां पर बहुत खुश हैं। उन्हें वहां भेजना कभी भी उनके प्लान में नहीं था।

**बच्चों को दुबई भेजना कभी भी संजय के प्लान में नहीं था :** संजय दत्त ने कहा, वो बिल्कुल यहां रह सकते थे, लेकिन मैं देख रहा हूं कि उन्हें वहां अच्छा लगता है। उन्हें अपना स्कूल और वहां की एक्टिविटी पसंद है। मेरी पत्नी मान्यता के पास भी वहां करने के लिए अपनी चीजें हैं। हम लोग सब इधर ही बड़े हुए हैं। उन्हें वहां भेजना मैंने कभी प्लान नहीं था। यह बस अपने आप ही हो गया। मान्यता दुबई में अपना खुद का बिजनेस कर रही थी, वो वहां चली गईं और बच्चे भी उनके साथ चले गए।

**संजय अक्सर बच्चों के पास दुबई चले जाते हैं :** संजय ने आगे कहा, मैं खुश हूं कि मेरे बच्चे वहां पढ़ रहे हैं। वास्तव में जब मैं यहां काम में बिजी नहीं होता हूं तो वहां दुबई में उनके साथ बहुत समय बिताता हूं। मैं आता-जाता रहता हूं। मैं समर ब्रेक (गर्मी की छुट्टियों) में उनके साथ रहूंगा। वो जहां भी होंगे, मैं वहां जाऊंगा।

**बच्चों की खुशी बच्चों के लिए सबसे जरूरी है :** संजय से जब पूछा गया कि वो हर समय अपने बच्चों को मुंबई में नहीं देखते हैं तो उन्हें कैसा महसूस होता है। इस पर उन्होंने कहा, मैं उन्हें वहां पर खुश देखता हूं।

# आमिर खान ने जुनैद संग की शूटिंग, पहली बार स्क्रीन पर साथ दिखेगी बाप-बेटे की जोड़ी



बॉलीवुड ऐक्टर आमिर खान की बेटी आइरा खान अक्सर चर्चा में रहती हैं, लेकिन उनके बेटे जुनैद खान लाइमलाइट में कम ही नजर आते हैं। लेकिन अब उनके लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। आमिर ने बेटे जुनैद की वेब सीरीज प्रीतम प्यार के लिए स्पेशल कैमियो शूट किया है। फैंस इस बात से बेहद खुश हैं कि जल्द ही बाप-बेटे की जोड़ी स्क्रीन पर साथ नजर आएगी। बता दें कि जुनैद जल्द ही बॉलीवुड में भी कदम रखेंगे। वो महाराज से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करेंगे। आमिर खान इन दिनों अपनी फिल्म लाल सिंह चड्ढा में बिजी हैं। हालांकि, उन्होंने समय निकाला और अपने होम प्रोडक्शन में बन रही सीरीज प्रीतम प्यारे के लिए कैमियो शूटिंग की। इसमें उनके बेटे जुनैद खान नजर आएंगे।

**राजस्थान में हुई शूटिंग :** रिपोर्ट्स के अनुसार, आमिर ने 1 मई को जुनैद और टीम को राजस्थान में ज्वॉइन किया था। उन्होंने तकरीबन एक हफ्ते में एक गाने और कुछ हॉस्पिटल सीन्स की भी शूटिंग की। ये भी कहा जा रहा है कि आमिर, जुनैद और को-एक्टर संजय मिश्रा ने नवलगढ़ के पास ग्रैंड हवेली और रिसॉर्ट में शूटिंग की थी। वहीं, कुछ सीन्स कूलवाल कोठी होटल में भी शूट हुए हैं।

**इस फिल्म से जुनैद करेंगे बॉलीवुड डेब्यू :** आमिर खान के बेटे जुनैद की बात करें तो उनके पास इस सीरीज के अलावा महाराजा फिल्म भी है, जिससे वो बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे। जुनैद उन स्टार किड्स में से हैं, जो लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करते हैं और अपने काम पर ध्यान फोकस्ड रहते हैं।

**आमिर की लाल सिंह चड्ढा का इंतजार :** आमिर की फिल्म लाल सिंह चड्ढा Forrest Gump की हिंदी अडेप्टेशन है। फॉरेस्ट गम्प में टॉम हैंक्स ने लीड रोल प्ले किया था। इस मूवी में आमिर के साथ करीना कपूर खान, नागा चैतन्य और मोना सिंह ने भी अहम भूमिका निभाई है। आमिर इस फिल्म से लंबे समय बाद स्क्रीन पर नजर आएंगे।

# मकराना एसडीएम कोर्ट के वरिष्ठ सहायक को 30 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार





## सीकर एसीबी द्वारा आवास व अन्य ठिकानों पर तलाशी ली

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** मकराना उपखंड कार्यालय के वरिष्ठ सहायक नंद सिंह को सीकर एसीबी टीम द्वारा 30 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ शुक्रवार को उपखंड कार्यालय से गिरफ्तार किया है। सीकर एसीबी टीम द्वारा पुलिस उप अधीक्षक जाकिर अख्तर के नेतृत्व में उक्त कार्यवाही को अंजाम दिया गया। पुलिस उप अधीक्षक जाकिर अख्तर ने बताया कि एसीबी सीकर इकाई को तीजपुरा ग्राम के परिवादी द्वारा शिकायत की गई कि उनकी पैतृक कृषि भूमि रिकॉर्ड शुद्धीकरण कराने के मामले में परिवादी के पक्ष में फैसला कराने के एवज में नंद सिंह वरिष्ठ सहायक कार्यालय उपखंड अधिकारी मकराना द्वारा 90 हजार रूपये की रिश्वत राशि की मांग की गई लेकिन 50 हजार रूपये में उनके समझौता हुआ, जिसको लेकर आरोपी द्वारा परिवादी को परेशान किया जा रहा था। जिस पर एसीबी सीकर इकाई के पुलिस उप अधीक्षक जाकिर अख्तर के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया और पुलिस निरीक्षक सुरेश चंद्र एवं उनकी टीम के साथ ट्रेप की कार्रवाई करते हुए नंदसिंह वरिष्ठ सहायक कार्यालय उपखंड अधिकारी मकराना को परिवादी से 30 हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

### सत्यापन के दौरान ही 20 हजार वसूले

उल्लेखनीय है कि आरोपी वरिष्ठ सहायक नंद सिंह द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान ही परिवादी से 20 हजार रूपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिए थे। वही एसीबी टीम द्वारा आरोपी के आवास व अन्य ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है। एसीबी टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है। साथ ही एसीबी द्वारा मामले में अनुसंधान भी शुरू कर दिया गया है।

# नरसिंह मंदिर में किया पोस्टर विमोचन




जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती ग्राम भैरून्दा के नृसिंह मंदिर चारभुजा सेवा समिति बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में 18 से 20 मई तक होने वाली लक्ष्मीनृसिह मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पोस्टर विमोचन किया गया। पंडित रामवतार शास्त्री ने बताया कि 18 मई को गज वाहन पर लक्ष्मीजी की सवारी निकाली जाएगी। 19 को देव पूजन एवं वास्तु शान्ति होगी। रात्री मे प्रकाशदास महाराज भजनो की सरिता बनाएंगे। 20 को प्राण प्रतिष्ठा हवन के साथ पूर्णाहूति ओर महाप्रसाद का वितरण होगा।

पोस्टर विमोचन पूर्व सरपंच बजरंग सिंह जोधा, घनश्याम सारडा, नाथूलाल जागीड, राम अवतार शास्त्री ने किया। इस मौके पर सुरेश व्यास, कैलाश हलवाई, रामकिशोर शर्मा व कालु दर्जी मौजूद रहे।

# भकरी में आपसी कहासुनी को लेकर दो पक्षों में हुई चाकूबाजी, 2 युवक गंभीर घायल

## अस्पताल में कराहते रहे पीड़ित, मगर नही हो सका मेडिकल, सीएमएचओ बोले होगी कार्रवाई

जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती ग्राम भकरी में गुरुवार रात दो पक्षों में आपसी कहासुनी को लेकर जमकर मारपीट हुई। चाकूबाजी की घटना में दो युवकों को गंभीर चोटें आई। जिन्हें लहुलुहान अवस्था में पुलिस की मौजूदगी में बाजवास चिकित्सालय लाया गया मगर अस्पताल प्रशासन की उदासीनता के चलते पीड़ित परिवार को बिना मेडिकल वापस लौटा दिया गया।

इसके बाद पीड़ित सीधे थाने पहुंचे और रात 2 बजे पीलवा पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया। ग्राम भकरी निवासी कानाराम गिवारिया ने रिपोर्ट देकर बताया कि रहे रात 8:15 बजे मकराना से अपनी गाड़ी में से गाँव आ रहा था। रास्ते में खड़े विक्की बंजारा पुत्र सिवलाल बंजारा ने गाली गलौज की। घर आकर उसके पिता को फोन लगाया तो 15 मिनट बाद एक राय होकर आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने लाठी भाटा व चाकू से हमला कर दिया। घटना में कानाराम उसके भाई पुखराज लहूलुहान हो गए तथा पत्नी संतोष के साथ मारपीट करते हुए मंगलसूत्र तोड़कर लज्जा भंग की। पीड़ित परिवार की रिपोर्ट पर पुलिस ने रवि, अजय, विक्की, टिंकू, कालूराम, बंसीलाल, रंजीत और सुनील के खिलाफ आईपीसी की धारा 143, 341, 323, 354, 379 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल इकबाल खान करेंगे। प्रकरण में शुक्रवार को दूसरे पक्ष की ओर से भी 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।





**15 घंटे बाद हो सका मेडिकल:** घटना के तुरंत बाद ग्रामीण घायलों को लहूलुहान अवस्था में लेकर बाजवास के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। सूचना मिलते ही पीलवा थाना पुलिस भी बाजवास चिकित्सालय पहुँची। मगर अस्पताल में मौजूद चिकित्साकर्मियों ने मामला भकरी क्षेत्र का होने का हवाला देते हुए मेडिकल करने से मना कर दिया। करीब 3 घंटे तक पीड़ित अस्पताल में दर्द से कराहते रहें। मगर प्राथमिक उपचार के बाद बिना मेडिकल किए उन्हें वापस लौटा दिया गया। दूरभाष पर बागोट चिकित्सालय के प्रभारी डॉ राकेश नौदल से बात करने पर उन्होंने बताया कि बाजवास हॉस्पिटल में 5 डॉक्टरों की पोस्ट है। ऐसे में यहाँ मैं अकेला कैसे मेडिकल कर सकता हूं। रात भर हॉस्पिटलों के चक्कर काट रहे लहूलुहान युवकों का खून सूख गया। मगर चिकित्सक एक दूसरे पर जिम्मेदारी डालते रहे। रात 11 बजे परबतसर बीसीएमओ से बात करने का प्रयास किया गया,मगर उन्होंने भी कॉल रिसीव नहीं किया। इस पूरे मामले में चिकित्सकों की लापरवाही सामने आई,जिसका ग्रामीणों ने पुरजोर विरोध करते हुए लापरवाह चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### जहाँ फस्ट एड, वहीं होती हैं एलएलसी : सीएमएचओ महिया

मामला गंभीर होने पर पीड़ित जहां फर्स्ट एड लेने के लिए अस्पताल में पहुंचे उसी अस्पताल में एमएलसी होती है। एमएलसी करने में यदि चिकित्साकर्मियों की लापरवाही सामने आई तो कार्रवाई करेंगे। इस पूरे प्रकरण को लेकर रिपोर्ट मांगी गई है।

**डॉ. मेहराम महिया**
**सीएमएचओ, नागौर**

### लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : विधायक गावड़िया

'मामले की शिकायत मिली है। क्षेत्र में अस्पतालों में आने वाले हर व्यक्ति को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए। ऐसे कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। कोताही बरतने वाले चिकित्साकर्मियों के खिलाफ विभाग को कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।'

**रामनिवास गावड़िया**
**विधायक**

# मुख्य अभियंता ने अधिकारियों की ली बैठक, बिजली आपूर्ति सुचारू रखने के निर्देश

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के अधिषाशी अभियंता कार्यालय में शुक्रवार को डिस्कांम के मुख्य अभियंता मुरारी लाल मीणा ने बिजली विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये, जिसमें उन्होंने इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुये बिजली उपभोक्ताओं को प्रर्याप्त मात्रा गुणवत्ता की बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इससे लोगो को इस भीषण गर्मी में राहत मिले। सहायक अभियंता औपी बाना ने बताया कि बैठक में मुख्य अभियंता मीणा ने उच्च स्तरीय बिजली की कटौती के अलावा स्थानीय स्तर पर बिजली की कटोती नहीं करने के सख्त निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने कहा की गांवों ओर शहरों मे पेयजल की सप्लाई में बिजली बाधा नहीं बनें इसके लिए जलदाय विभाग ओर ग्राम पंचायतों के नलकूपों पर बिजली कनेक्शन के लम्बित पडें आवेदनों को तुरंत निस्तारण कर कनेक्शन जारी करने की बात कही। इससे गर्मियों के दिनों मे लोगो को प्रर्याप्त मात्रा मे पेयजल की सप्लाई हो सके। बैठक में मीणा ने बिजली चोरी रोकने, खराब ओर बंद पड़े बिजली मीटरों को तुरंत बदलने ओर बिजली संबधी समस्याएं लेकर कार्यालय मे आने वाले बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का तुरंत समाधान करने के लिए भी निर्देशित किया। इस मामले मे लापरवाही सामने आने पर संबधित के खिलाफ सख्त कार्रवाही करने की बात कही। बैठक में अधिषाशी अभियंता सुभाष चौधरी ने डेगाना, सांजू, भैरून्दा के एईएन ओर अधिकारियों से विभाग द्वारा मांगी जाने वाली सूचनाएं समय पर भेजने तथा समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अधिषाशी अभियंता सुभाष चौधरी, एईएन औपी बाना, लेखाधीकारी सोनी सहित डिस्कॉम खण्ड डेगाना के अधिकारियों ने भाग लिया।



# एक साथ दो मौत होने पर माहेश्वरी समाज में शौक की लहर

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना शहर के प्रतिष्ठत माहेश्वरी समाज में आज एक साथ दो दो मौते होने पर समाज में शोक छा गया। समाज के अध्यक्ष रतनलाल खटोड, रमेश बांगड ओर केदारमल गिलडा ने बताया कि शहर के चांडक परिवार के 40 वर्षीय दिनेश चांडक जो पिछले लंबे समय से बीमारी से जुझते हुये शुक्रवार की रात्रि को अन्तिम सांस ली।

इसी प्रकार जयपुर प्रवासी ओर डेगाना निवासी रमेश सारडा के 86 वर्षीय माताजी का भी शुक्रवार की रात्रि अचानक र्स्वगवास हो गया, जिस पर दोनों का ही शनिवार को डेगाना के मुक्तिधाम में गमगीन माहौल मे अन्तिम संस्कार किया।

# मनरेगा कर्मचारियों का धरना जारी, भाजपा व रालोपा भी आई समर्थन में

## विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अ.रहमान देवड़ा




**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** विगत 4 मई से पंचायत समिति मुख्यालय के सामने धरने पर बैठे मनरेगा कर्मचारियों के धरने के समर्थन में भाजपा व रालोपा भी आ गई है। शुक्रवार दोपहर में धरने 11 वें दिन भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमाकांत शर्मा, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री लक्ष्मीनारायण मुण्डेल, रालोपा नेता सुभाष कंदोई, आईदानराम मुण्डेल, मंडल अध्यक्ष मुकेश वैष्णव भी पंहुचे। यहां इन नेताओं ने बोलते हुए कहा कि प्रदेश में वर्तमान कांग्रेस सरकार सभी संविदा कर्मियों को नियमित करने के चुनावी वादे के साथ सता में आई थी। सरकार को वो वादा पुरा करना चाहिए। सरकार ने किसानों से कर्ज माफी का भी वादा किया था मगर वो भी नहीं कर पायी। यदि सरकार अपने चुनावों वादों को पुरा नहीं कर पाती है तो आने वाले विधान सभा चुनावों में कांग्रेस की दस शीटें भी नही आएगी। सरकार के अपनी चुनावी घोषणा पत्र में किए गये वादों का पुरा करना चाहिए। वहीं मुंडेल ने गेहलोत सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सरकार लोकतांत्रिक तरीके से धरना दे रहे मनरेगा कर्मियों के साथ सहानुभूति पूर्वक वार्ता करके समाधान करने की बजाय इन पर दमनात्मक कार्यवाही कर रही है जो घोरनिंदनीय है।

**विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा :** धरने पर समर्थन करने पश्चात भाजपा और रालोपा नेता विकास अधिकारी के चैम्बर में पंहुचे। इन्होंने गेहलोत सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सभी ने विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए विकास अधिकारी से सभी मनरेगा कर्मियों के साथ सहानुभूति बरतने का आग्रह किया।

### यह लोग पंहुचे समर्थन करने

मनरेगा कर्मियों की मांगो का समर्थन करने के लिए शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमाकांत शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री लक्ष्मीनारायण मुंडेल, रालोपा नेता सुभाष कंदोई, मंडल अध्यक्ष मुकेश वैष्णव, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मेहबूब खत्री, किसान मोर्चा महामंत्री बस्तीराम मुंडेल, आईदानराम मुंडेल, एससी मोर्चा के मंत्री सुखराम बावरी सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रक्तवीर श्याम सिंह चान्दारूण ने किया 27वीं बार रक्तदान



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना उपखण्ड के गांव के चान्दारूण निवासी श्यामसिंह चान्दारूण जयपुर में रहते हुए व्यवसाय के साथ साथ समाज सेवा में विशेष पहचान बनाई है। चान्दारूण पिछले 18 वर्षो से सवाई मान सिंह अस्पताल के पास सरस डेयरी संचालन के साथ सनराइज डायग्नोस्टिक सेंटर का संचालन करते है साथ ही जयपुर मे जरूरतमंद परिवारों की मदद करने के लिए तैयार रहते है। गुरुवार के मकराना के गुणावती गांव मे हुए रक्तदान शिविर मे भाग लेने आए श्याम सिंह ने बात करते हुए बताया की वह जयपुर तथा आस-पास के क्षेत्र में हर जरूरतमंद के सहयोगी बनकर खड़े रहते है। उन्होंने बताया की अभी तक 27 बार जरूरतमंदो के रक्तदान कर चुके है तथा आगे भी जरूरत पडने पर रक्तदान करता रहूंगा।

रक्तदान कर किसी की जान बचाने में सुखद अनुभव होता है। जहां पर रक्तदान करने स्वयं नही पहुंच पाते है वहां पर तुरन्त रक्त की व्यवस्था करने का कार्य भी तत्परता से करते है।

# रंगोली प्रतियोगिता में 30 बालिकाओं ने लिया भाग

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** यहां शारदा बाल निकेतन माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य रामेश्वरलाल गौड़ ने बताया कि विगत तीन दिनों से विद्यालय में बालकों की रूचि के अनुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हो रहा है।

इनमें चित्रकला, संगीत, सुलेख आदि का आयोजन हुआ। इसी क्रम में शुक्रवार को विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

इस रंगोली प्रतियोगिता में 30 बालिकाओं ने हिस्सा लिया। इसमें माध्यमिक स्तर पर करिश्मा मुंडेल व अमृता काला प्रथम रही, रक्षा सोनी व सलोनी जांगिड़ द्वितीय रही। प्राथमिक स्तर पर योगिता राव व सोनु प्रथम रही। इस दौरान किरण शर्मा व सुचिता झा इस प्रतियोगिता की निर्णायक रही, जिन्होंने बालिकाओं द्वारा तैयार की गई रंगोली का बारिकी से निरीक्षण करते हुए परिणाम सुनाया। वहीं विजेता रही बालिकाओं को पारितोषिक भी वितरित किए गये।



# डेगाना उपखंड क्षेत्र के अधिकारियों की हुई बैठक, एसडीएम चौधरी ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** शुक्रवार को डेगाना पंचायत समिति सभागार कक्ष में उपखंड अधिकारी रविन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सतर्कता समिति की साधारण बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम चौधरी ने उपखंड क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यो के प्रति लापहरवाही नही बरतने के दिशा निर्देश दिए गए। उपखण्ड क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क शहीद आ रही समस्याओं के समाधान के लिए दिशा निर्देश दिए। सड़क निर्माण में आ रही शिकायतों को लेकर बीडीओ को जांच के दिये निर्देश एसडीएम रविन्द्र कुमार चौधरी ने सतर्कता समिति की बैठक लेने के दौरान ग्रेवल सड़क निर्माण में भारी अनियमितता को लेकर बीडीओ भंवरा राम कालवी को मौके पर जाकर मनरेगा के तहत बनने वाली ग्रेवल सड़को का मौका रिपोर्ट तैयार करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही ऐसी शिकायतें वापस नहीं आने के लिए कहा गया। डेगाना एसडीएम रविन्द्र कुमार चौधरी ने सतर्कता समिति की मीटिंग लेते हुए जलदाय विभाग एईएन दिलीप लाम्बा से गर्मी के दिनों में क्षेत्र में आ रही पानी की कमी को सुचारू रूप से सप्लाई देने के लिए निर्देशित किया गया ।साथ ही जरूरतमंद जगहों पर पानी की व्यवस्था के लिए टैक्टर-पानी टैंक लगाने के लिए कहा गया। एसडीएम के द्वारा ली गई सतर्कता समिति की मीटिंग में डेगाना उपखंड के अधिकारी बीसीएमओ डॉ. रामकिशोर सारण से चिकित्सा सेवाओं के बारे में जानकारी ली। बिजली विभाग के एईएन ओ.पी.बाना से बिजली समस्या को लेकर रूबरू हुए तो पर्वतक अधिकारी रामलाल जाट से गरीबों को मिल रहे खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गेंहू को सुचारू रूप से वितरण करने के निर्देश दिए गए। वही ईओ सुनील चौधरी से पालिका क्षेत्र में बन रही सीसी ब्लॉक सड़कों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस मौके पर एसडीएम रविन्द्र कुमार चौधरी, बीडीओ भंवरा राम कालवी, बीसीएमओ डॉ. रामकिशोर सारण, समाज कल्याण अधिकारी सुमित्रा चौधरी सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।



# मूण्डवा शहर शहित अनेक ग्रामीण क्षैत्रों की विद्युत आपूर्ति रहेगी

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** शहर में बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने हेतु राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड 132 केवी जीएसएस से निकलने वाले 33 केवी लाईनों के हाईरिस्क पॉइंट के आवश्यक रखरखाव एवं मरम्मत कार्य किये जाने के कारण शनिवार को सुबह 6 बजे से दोपहर 01 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। मुण्डवा शहर कनिष्ठ अभियंता कैलाश भाकर ने बताया कि राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड मूंडवा के 132 केवी जीएसएस से निकलने वाले 33 केवी जीएसएस मूंडवा, आईपीडीएस जीएसएस मुण्डवा, एवं खारडा उपचौकियों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

# विद्युत निगम के पौने दो करोड़ रुपये उपभोक्ताओं पर चल रहे बकाया

## मार्च में चलाये गए विशेष अभियान के बावजूद नहीं हो पाई वसूली

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के शहरी कार्यालय के उपभोक्ताओं पर करीब पौने दो करोड़ रुपये की राशि बकाया चल रही है, जिसमें निजी व सरकारी कनेक्शन शामिल हैं।

निगम के सहायक अभियंता लालचंद आंवला के अनुसार शहरी क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ता पर 1 करोड़ 36 लाख रुपये व अघरेलु उपभोक्ता पर 38 लाख 23 हजार रुपये निगम के बकाया चल रहे हैं।

### सरकारी बिजली तो फूंकी पर राशि नहीं चुकाई

निगम के सहायक अभियंता लालचंद आंवला से मिली सूचना के अनुसार सरकारी कार्यालयों सहित घरेलू व अघरेलु उपभोक्ताओं ने निगम की सरकारी बिजली तो फूंकी पर समय पर पूरी राशि नहीं जमा करवा रहे हैं। यहाँ लाडनूँ नगरपालिका पर 85 लाख रुपये बिजली के बकाया चल रहे हैं जिन्हें मार्च अभियान के दौरान भी पूरा भुगतान नहीं किया गया। इसके अलावा कुंए व कृषि कनेक्शन पर 14 लाख 77 हजार रुपये, औद्योगिक कनेक्शन पर 18 लाख 50 हजार रुपये बकाया चल रहे हैं। निगम के कनिष्ठ अभियंता राजकुमार तुंगरिया की मानें तो पूरे जनवरी से मार्च 3 महीने में निगम ने टीमों का गठन कर वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जिसमे 2 करोड़ 51 लाख रुपये की वसूली हुई। इसके लिए जनवरी से मार्च तक अभियान चलाकर बकाया राशि वाले 550 घरेलू व अघरेलु उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन भी काटे गए। इसके बावजूद निगम की राशि नहीं चुकाने वाले कार्यालयों व अन्य उपभोक्ताओं को नोटिस देकर कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों को मिले 6 घंटे बिजली

## अधिकारियों और किसानों में आपसी सहमति बनी, मगर किसान फिर भी नाराज



### फसलें हो रही है चौपट

**रूण(नागौर डेली न्यूज) :** 132 सब स्टेशन गांव रूण में शुक्रवार को बिजली व्यवस्था को सही करने की मांग पर किसानों ने धरना दिया। इस दौरान रूण, गवालू, भटनोखा, इंदोकली, धवा,सैनणी, चिताणी सहित गांवो के काफी किसानों ने उच्च अधिकारियों से 4 की जगह 6 घंटे विद्युत सप्लाई देने की मांग की, इसके अलावा रात्रि में जो विद्युत सप्लाई दी जा रही है, उसका समय दिन में करने की मांग की गई, इसी प्रकार विद्युत सप्लाई के दौरान बार-बार ट्रिपिंग आने से किसानों को सिंचाई में बेहद परेशानी हो रही है।

किसान जनप्रतिनिधि रामेश्वर गोलिया, श्यामसुंदर गोलिया, रामकिशोर बुड़िया, गिरधारी सिंह, हेमाराम लालरिया, हमीर राम, रामपाल सेन और हाजी इंसाफअली ने बताया इस वक्त कपास की बुवाई चल रही है और सिंचाई की किसानों को बेहद आवश्यकता है ,अगर समय पर फसल को नहीं बोऐगें तो किसानों को कुछ हासिल होने वाला नहीं है, इन्होंने अधिकारियों को बताया कि विद्युत कटौती और लोड सेटिंग के नाम पर 4 घंटे सप्लाई देने से प्याज की फसल में किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है जिसकी भरपाई मुश्किल है।

# शिक्षा नगरी से गायब हो रही हरियाली, डिवाइडर पर लगाए पौधे सारसंभाल और सिंचाई के अभाव में सूखे

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर की सड़कों से हरियाली गायब सी हो रही है। जिम्मेदार नगर परिषद और अन्य विभागों की ओर से शहर में सौंदर्यीकरण को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। झुलसती गर्मी से केवल इंसान या वन्य जीव जंतु ही परेशान नहीं है बल्कि इसकी मार पेड़ पौधे भी झेल रहे हैं। इन पौधों को लगाने के नाम पर सरकारी एजेंसियों ने लाखों रुपए खर्च किए जिसमें कुछ कागजों में होते हैं कुछ हकीकत में मगर इनके लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था न होने के कारण डिवाइडर पर लगाये गए ज्यादातर पौधे सूख चुके हैं। सामाजिक कार्यकर्ता भगतसिंह यूथ ब्रिगेड संस्थापक रतन गोदारा, राष्ट्रीय अध्यक्ष रामाअवतार भाकर, प्रदेशअध्यक्ष परसाराम बुगालिया, तहसील अध्यक्ष झूमरमल बिजारणिया का कहना है कि पौधारोपण के नाम पर हर साल शासन प्रशासन द्वारा लाखों रुपए खर्च किया जाता है।

# दीपपुरा के लाल गुर्जर ने किया कमाल, कर्मचारी चयन बोर्ड की स्टेनोग्राफर भर्ती में टॉप रैंक में हुआ चयन

## कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा टॉप रैंक पर शासन सचिवालय जयपुर में मिलेगी नियुक्ति

### शहरवासियों, ग्रामीणों एवं गुर्जर समाज सहित ने किया जगह-जगह सम्मान समारोह

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शिक्षा नगरी के नाम से विख्यात कुचामनसिटी के पास स्थित ग्राम पंचायत दीपपुरा की सुमेर सिंह जी की ढाणी निवासी राजेश गुर्जर पुत्र उगमाराम गुर्जर का चयन राजस्थान कर्मचारी बोर्ड की स्टेनोग्राफर भर्ती में राजस्थान शासन सचिवालय जयपुर में हुआ है। बोर्ड की ओर से पहले मुख्य परीक्षा, फिर स्टेनोग्राफर टाइपिंग और इसके बाद कागजात वेरिफिकेशन के बाद अंतिम रूप से राजस्थान शासन सचिवालय में टॉप रैंक में राजेश गुर्जर दीपपुरा का चयन हुआ है। छोटी सी ढाणी से निकलकर युवा प्रतिभा ने अपनी कड़ी मेहनत, अपने माता-पिता, बुजुर्गों, गुरुजनों के आशीर्वाद से यह मुकाम हासिल किया है। इसको लेकर गुरुवार को सुमेर सिंह जी की ढाणी, ग्राम पंचायत दीपपूरा, कुचामन सिटी के सवाई भोज छात्रावास सहित कई स्थानों पर जगह-जगह चयनित युवा प्रतिभा का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया।

इसी कड़ी में शहर के स्टेशन रोड स्थित सवाईभोज छात्रावास में चयनित प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में राजस्थान शासन सचिवालय में चयनित राजेश गुर्जर का मारवाड़ी परंपरा से साफा बंधन का माल्यार्पण करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। इस मौके पर देवनारायण गुर्जर विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. रामकुमार गुर्जर ने कहा कि छोटी सी ढाणी से निकली हुई प्रतिभा राजेश गुर्जर ने कर्मचारी चयन बोर्ड की अंतिम सूची में मुख्य रूप से राजस्थान शासन सचिवालय जयपुर में अपना मुकाम बनाया है। इससे गांवों, ढाणियों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का हौसला मिलेगा। यह गुर्जर समाज के लिए भी गौरव की बात है। कोऑपरेटिव सोसायटी चेयरमैन दीपपुरा चेनाराम गुर्जर ने कहा कि लगातार कड़ी मेहनत, लगन सभी के आशीर्वाद से आज जो मुकाम राजेश गुर्जर ने प्राप्त किया है, इससे परिवार, समाज, गांव, क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व की बात है। इस मौके पर देवनारायण विकास समिति कुचामन सिटी अध्यक्ष डॉ. रामकुमार गुर्जर, कोऑपरेटिव चेयरमैन दीपपुरा चेनाराम गुर्जर, धनराज गुर्जर गोदावरी पैलेस, लालचंद गुर्जर, एडवोकेट हीरालाल गुर्जर, पत्रकार हरिराम गुर्जर दीपपुरा, गोपाल कसाना सुजानपुरा, रामकिशन गुर्जर भीलवाड़ा, उगमाराम गुर्जर, कॉपरेटिव व्यवस्थापक दीपपुरा श्रीराम गुर्जर, भंवरलाल कोली, मदन गोपाल, मौजूद रहे।

# ज्वैलर्स की दुकान को लूटने वाला मास्टरमाइंट गिरफ्तार

### पांच माह पूर्व धनकोली रोड पर दुकान का शटर तोड़कर सोने-चाँदी के आभूषण व नकदी पर से किया था हाथ साफ



**मौलासर(नागौर डेली न्यूज) :** मौलासर के धनकोली रोड स्थित ज्वैलर्स की दुकान से 16 जनवरी की रात्रि में दुकान का शटर तोड़कर सोने-चाँदी के आभूषण व नकदी पर से हाथ साफ करने की घटना के मुख्य मास्टरमाइंट को मौलासर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ये गैंग इतनी शातिर है कि कुछ ही मिनटों में ही गैंग के सदस्य चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दे देते है।

मुख्य आरोपी जयपुर के शिवदासपुरा थाना क्षेत्र के गोनेर तलाई हाल फुलेरा निवासी चुनिया उर्फ लक्ष्मण (22) पुत्र मांगीलाल बावरिया मामले में फरार चल रहा था। पुलिस ने कई बार आरोपी को पकड़ने के प्रयास किए। लेकिन शातिर किस्म का यह चोर हर बार पुलिस गच्चा देता रहा। आखिर मौलासर पुलिस ने आरोपी को फुलेरा से गिरफ्तार कर लिया। हालांकि वारदात में शामिल रहे इसके दो साथियों को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। वहीं एक नाबालिग बालक को भी चोरी के आरोप में निरुद्ध किया गया था। वारदात में प्रयुक्त कार व आरोपियों के कब्जे से 9 किलो सोने चाँदी के आभूषण बरामद कर लिए गए थे। शेष बरामदगी के लिए आरोपी से पुलिस सख्ताई से पूछताछ कर रही है। आरोपी को शेष बरामदगी के लिए कोर्ट में पेश कर रिमांड पर भी लिया जाएगा।

# पट्टे बनाकर साढे दस लाख रूपयों का राजस्व किया प्राप्त

सद्दाम रंगरेज

**कुचामसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 अन्तर्गत द्वितीय चरण में नेहरू उद्यान परिसर, नगरपालिका कुचामनसिटी में वार्ड नं. 1, 2, 3, 4 व 5 का शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को पट्टे बनाकर करीब साढे दस लाख रूपयों का राजस्व प्राप्त किया। आयुक्त श्रवणराम के अनुसार कृषि भूमि के 14 पट्टे, 69-ए अन्तर्गत 09 पट्टे, लीज होल्ड से फ्री होल्ड 01 पट्टा एवं नामान्तरण के 02 प्रकरण निस्तारित किये गये। इसके अतिरिक्त 36 जन्म-मृत्यु प्रकरण निस्तारित किये गये। इस प्रकार पालिका में लगभग 10.50 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ। शिविर में पालिका सभापति आसिफ खान, आयुक्त श्रवणराम, उपसभापति हेमराज चांवला, सम्बन्धित वार्ड पार्षद सुभाष पावडिया, अयुब तेली, बून्दु अली, फारूख कलाल, श्रीमति बसो बानो, मनोनीत पार्षद दीनदयाल कुमावत, कानाराम बुनकर, आरीफ खान एवं अन्य पार्षदगण व शिविर प्रभारी रवीन्द्र देशवाल, कनिष्ठ अभियन्ता के साथ सहायक अभियन्ता ललित गुप्ता, पालिका कार्मिक राजेन्द्र रेवाड़, रफीक अहमद, महेश कुमार, कनवरलाल, महावीरप्रसाद कुमावत, अक्षय प्रजापति, पवन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# खरनाल में भयंकर गर्मी से बाड़े में रखे चारे में लगी आग



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूंडवा क्षेत्र के खरनाल गांव में शुक्रवार दोपहर को भयंकर गर्मी में अज्ञात कारणों से बाड़े में रखे हुए चारे में आग लग गई। जानकारी के अनुसार नौतपा की गर्मी की भयंकरता के कारण खेतों में रखे हुए सारे झुलसने लगे हैं। पिछले 2 दिनों से आग लगने की घटना सामने आ रही है करनाल गांव के रामनिवास कोडिया के बारे में रखे हुए पशु चारा में आग लग गई। धीरे-धीरे आग की लपटें तेजी से बढ़ने लगी गांव के लोग बाल्टिया लेकर पहुंचे सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन सूर्य की गर्मी एवं सूखे चारे में लगी आग घी डालने का काम कर रही थी। साथ ही नगर पालिका फायर ब्रिगेड को सूचना दी सूचना पाकर तुरंत मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंचे। जब तक आसपास के चार बाड़े में रखे हुए पशुओं के चारे ने आग पकड़ ली। फायर ब्रिगेड ने करीब 2 घंटे की मशक्कत करने व ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार करीब 18 टोली पशुओं का चारा जलकर राख हो गया एवं पांच टोली सूखी लकड़ियां जलकर राख हो गई।

# महावीर इंटरनेशनल ने किया एएनएम का सम्मान

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ):** महावीर इंटरनेशनल युवा केंद्र के अध्यक्ष आनन्द सेठी ने बताया कि शुक्रवार को संस्था द्वारा राजकीय चिकित्सालय कुचामनसिटी में वैक्सीनेशन के लिए भरपूर समय देने वाली एल एच वी आशा सैन एवं एएनएम राधा चौधरी का प्रशस्ति पत्र देकर स्वागत किया गया और साथ ही उपस्थित नर्स आचुकी चौधरी, अंजू भार्गव, सुमन शेखावत, रेशम कंवर, मोनिका पारीक, मेल नर्स हनुमान सिंह, मंजू भांभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान संस्था के सदस्य मनीष अजमेरा, आशीष झंझरी, विकास नीतू पाटनी, गौरव पाटनी, पारस नेहा पहाड़िया, एकता पहाड़िया, आशा सेठी, जोन कोषाध्यक्ष सुभाष पहाड़िया, अजीत पहाड़िया, तेज कुमार बड़जात्या उपस्थित रहे।

# हरीलाल शर्मा बने मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती गांव अडवड के हरीलाल शर्मा उर्फ पप्पु भाई पुत्र पुखराज शर्मा को मारवाड़ी युवा मंच कोत्तुर का अध्यक्ष चुना गया। मूण्डवा निवासी विरेन्द्र पाराशर ने बताया कि बिते गुरुवार को हनुमान मंदिर पुलिस थाने के पास सुन्दरकाण्ड पाठ के बाद नेमिचन्द कच्छावा के नेतृत्व मे मारवाड़ी युवा मंच कोत्तुर की एक मिटींग रखी गई, जिसमे नवनिर्वाचित चुनाव रखे गये। जिसमे नागौर जिले के अडवडगांव के हरीलाल शर्मा उर्फ पप्पु भाई पुत्र पुखराज शर्मा को अध्यक्ष, मनोज वैष्णव को उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश सिरवी को मन्त्री व सुनील खण्डेलवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया।







स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com